# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु०स० 2025/2025 दिनांक : 22 जून, 2025

## कार्यालय-ज्ञाप

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु 'एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा' कार्यक्रम राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक कराये जाने तथा कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, महाविद्यालयों से प्राप्त आख्या साफ्ट कापी में पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या (महिला/पुरूष सहित अलग-अलग तथा कुल संख्या) भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय उ.प्र., लखनऊ द्वारा प्रदान निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को कार्यालय-ज्ञाप पत्रांक कु.स. 1963/2025, दिनांक 19.06.2025 में पत्रांक कु.स. 1996/2025, दिनांक 20.06.2025 द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर शासन के उपरोक्त निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये गये थे।

शासन द्वारा तत्काल उक्त कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, महाविद्यालयों से प्राप्त आख्या साफ्ट कापी में पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या (महिला/पुरूष सहित अलग-अलग तथा कुल संख्या) भौतिक रूप प्रदान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः शासन के निर्देशानुसार तत्काल जीओ टैग फोटोग्राफ्स/अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, एवं आख्या साफ्ट कापी में पेन ड्राइव व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से विश्वविद्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। साथ ही ई०मेल आई०डी० ssvv.smv@gmail.com पर भी अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करायें।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

(राकेश कुमार)
आई०ए०एस०
कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रो. शैलेश कुमार मिश्र, नोडल अधिकारी, योग कार्यक्रम।
3. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि उक्त कार्यालय-ज्ञाप समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई.डी. के माध्यम से प्रेषित कराने के साथ-साथ विश्वविद्यालय वेब-साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यलयों को इस आशय से कि शासन के उपरोक्त निर्देशानुसार अपने-अपने महाविद्यालय की गई कार्यवाही की आख्या (महिला/पुरूष प्रतिभागियों की अलग-अलग संख्या तथा कुल संख्या)/जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं वीडियो विश्वविद्यालय को तत्काल/अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही ई०मेल आई०डी० ssvv.smv@gmail.com पर भी प्रेषित करायें।
5. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
6. सम्बद्ध पत्रावली।

(राकेश कुमार)
आई०ए०एस०
कुलसचिव